भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1976**

दिनांक 17.12.2013/ 26 अग्रहायण, 1935 (शक) को उत्तर के लिए

**सीमा सड़क विकास में संसद सदस्यों की भूमिका**

1976. श्री हरीश चौधरी :

श्रीमती रमा देवी :

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार पड़ोसी देशों से लगे सीमा-क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण के संबंध में स्थानीय संसद सदस्यों के साथ परामर्श करती है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) ऐसे क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण के संबंध में निगरानी तंत्र में स्थानीय संसद सदस्यों की क्या भूमिका है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन)

**(क) और (ख) : सेना और सीमा रक्षक बलों द्वारा प्राक्कलित अपेक्षताओं के आधार पर अभियानात्मक महत्व के सीमावर्ती क्षेत्रों में अलग-अलग निर्माण एजंसियों द्वारा विभिन्न तरह की चालू सीमा सड़क परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही है।**

**गृह मंत्रालय राज्य सरकारों के माध्यम से व्यापक सीमा प्रबंधन के रूप में सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम (बीएडीपी) का कार्यान्वयन कर रहा है जिसका लक्ष्य अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के निकट दूर-दराज और दुर्गम क्षेत्रों में रह रहे लोगों की विशेष विकासपरक जरुरतों जिनमें सड़कें भी शामिल है, को पूरा करना और सीमावर्ती क्षेत्रों को केन्द्र/राज्य/बीएडीपी/स्थानीय योजनाओं तथा सहभागितापूर्ण दृष्टिकोण के अभिसरण के माध्यम से समग्र आवश्यक अवसंरचनाओं से लाभान्वित करना है। यद्यपि, भारत सरकार विस्तृत दिशानिर्देशों का निर्धारण करती है किन्तु योजनाओं/कार्यों को राज्य सरकारों द्वारा पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई)/जिला स्तरीय परिषदों/परम्परागत परिषदों/स्थानीय लोगों/लोकतांत्रिक संस्थाओं/स्वैच्छिक संगठनों जैसे प्राथमिक स्तरीय संस्थाओं द्वारा अंतिम रूप दिया जाता है और उनका कार्यान्वयन राज्य सरकारों की एजेंसियों द्वारा किया जाता है।**

**(ग) : बीएडीपी योजनाओं/परियोजनाओं की निगरानी संबंधित ब्लॉक के उच्च स्तरीय राज्य सरकार के उस नोडल अधिकारी द्वारा की जा रही है जो योजना की समुचित रूप से निगरानी करने और तिमाही रिपोर्ट गृह मंत्रालय को अग्रेषित करने के लिए उत्तरदायी है। राज्य सरकारें भी थर्ड पार्टी निरीक्षण और सामाजिक लेखा परीक्षा के माध्यम से कार्य की गुणवत्ता और अन्य प्रासंगिक मुद्दों के बारे में स्वतंत्र रूप से जानकारी प्राप्त करती है।**

*****